# कृषि क्षेत्र में होगा 4.47 हजार करोड़ रुपये का निवेश

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट : हितधारकों की कार्यशाला में कृषि मंत्री ने सभी प्रस्तावों पर की चर्चा

लखनऊ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्रदेश के कृषि क्षेत्र में 4.47 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसके तहत मंगलवार को विभाग के हितधारकों की कार्यशाला कृषि भवन सभागार में हुई। जिसमें कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सभी प्रस्तावों पर चर्चा की।

कृषि मंत्री ने बताया कि कार्यशाला में 100 एफपीओ के बीज विधायन संयंत्र एवं भंडारण पर चर्चा हुई। 23 एफपीओ के लिए बीज उत्पादन क्षेत्र में पांच करोड़ रुपये का एमओयू हुआ। अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने बताया कि बीज विकास निगम इस पर काम करेगा। कृषि मंत्री के मुताबिक उर्वरक क्षेत्र में 10 कंपनियों की ओर से 2200 करोड़, कृषि रक्षा रसायन में 1500 करोड़ का निवेश होगा। कृषि विपणन विभाग ने भी 32 एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें 714 करोड़ रुपये का निवेश होगा। 41,473 लोगों को रोजगार मिलेगा। सिंचाई सोलर पंप एवं अन्य संबंधित उपकरणों में निवेश के लिए गोल्ड इंडस्ट्री नोएडा ने 50 करोड़ के निवेश की बात कही है। कार्यशाला में बताया गया कि एग्री क्लीनिक वन स्टॉप योजना के तहत 10,000 इकाइयां स्थापित किए जाने की योजना है। ब्यूरो